बिहार में जवाहर रोजगार योजना की निधियों का दुरुपयोग

101. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1995-96 तथा 1996-97 के वर्षों के दौरान बिहार में, विशेषकर बेनीपुर में विकास कार्यों हेतु जवाहर रोजगार योजना तथा अन्य केन्द्रीय योजनाओं के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि आंबटि की गई;

(ख) क्या यह सच है कि वर्ष 1995-96 के दौरान आबंटित की गई धनराशि अभी तक विकास कार्य पर खर्च नहीं की गई है और विकास कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में किसी जांच के आदेश दिए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ती को रोकने हेतु क्या कार्यवाही की गई है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौड़ा पाटील) : (क) जवाहर रोजगार योजना, सुनिश्चित रोजगार योजना, इंदिरा आवास योजना, समन्वित ग्रामींण विकास कार्यक्रम, ग्रामीं युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, ग्रामीण महिला और बाल विकास योजना, त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम मुख्य रोजगार और ग्रामींण विकास योजनाएं हैं जिन्हें बिहार सहित देशभर में केन्द्र द्वारा चलाया जा रहा है। बिहार को 1995-96 और 1996-97 के दौरान उपयोक्त योजनाओं के अंतर्गत आबंटित कि गयी राशि विवरण में दी गयी है। (**नीचे देखिए**)

(ख) इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठते।

विवरण

बिहार को जवाहर रोजगार योजना, सुनिश्चित रोजगार योजना, दस लाख कर्जा की योजना, इंदिरा आवास योजना, समयन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, ग्रामीण युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, ग्रामीण महिला एवं बाल विकास योजना और त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 1995-96 और 1996-97 के दौरान आबंटित की गई राशि:

(रुपये लाख में)

कार्यक्रम	बिहार को आबटित की गयी राशि		दरभंगा जिला (बेनीपुर ब्लाक)	
	1995-96	1996-97	1995-96	1996-97
1	2	3	4	3
जवाहर रोजगार योजना	61621.21	34075.56	1111.08	740.61
सुनिश्चित रोजगार योजना	**	**	20.00	40.00
दस लाख कुओं की योजना	,,	6813.55 बेनीपुर ब्लाक दरभंगा जिले में आता है जो दब लाख कुओं की योजना के अंतर्गत शामिल नहीं है।		
इंदिरा उपवास योजना	,,	15737.81 उस समय यह योजना जवाहर रोजगार योजना का एक हिस्सा था।		375.02
समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम	16218.24	1628.24	434.00	436.00
ग्रामींण युवास्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम	637.24	637.24	14.04	14.04
ग्रामीण महिला और बाल जिकास योजना	7099.00	7795.00	केन्द्र में जिलावार ब्यौरा नहीं रखा जाता है।	
त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम				

* उस समय यह योजना जवाहर रोजगार योजना का हिस्सा था।

** सुनिश्चित रोजगार मांग आधारित योजना है, इसलिए कोई निर्धारित आबंटन नहीं है।